BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345



शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें ।

# नेचुरोपैथी दिवस के उपलक्ष्य में आनंदम योगा शिविर आयोजित



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

राष्ट्रीय नेचुरोपैथी दिवस के उपलक्ष्य में योगापीस संस्थान द्वारा आनंदम योगा शिविर का आयोजन आरटीसी कॉलोनी स्थित जयालक्ष्मी गार्डन में किया गया। शिविर में जयपुर के योगाचार्य ढाकाराम ने योग को जीवनशैली का अनिवार्य हिस्सा बनाने का संदेश दिया।

कार्यक्रम का उद्घाटन सुप्रसिद्ध समाजसेवी अमृत कुमार जैन ने किया। इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में समाजसेवी अशोक हीरावत, एमएसएमई नेशनल काउंसिल सदस्य विजय सुराणा, तेलुगु माइम अरुसम मधुसूदन, अष्टसखी राधाकृष्ण देवस्थानम शिवालय के संस्थापक तरुण कुमार झंवर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित थे।

योगा शिविर को संबोधित करते हुए योगाचार्य ढाकाराम ने कहा कि योग बेहतर शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक स्वास्थ्य के लिए आवश्यक है। कुछ समय के लिए योग तथा ध्यान के माध्यम से बाह्य विचारों को त्यागकर अपने आप पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए।

योगाभ्यास कराते हुए उन्होंने कहा कि योग शरीर के लचीलेपन, शक्ति और संतुलन को बेहतर बनाने में मदद करता है। यह तनाव, चिंता और अवसाद को कम करने में भी सहायक होता है। योग ध्यान, एकाग्रता और याददाश्त को बेहतर बनाते हुए शांति और सद्भाव को बढ़ावा देता है। इसलिए योग हमारी नियमित दिनचर्या का एक अभिन्न हिस्सा होना चाहिए।

अवसर पर अतिथियों तथा सहोयोगियों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में अनिल कातरेला, विमल हीरावत, सुशील संचेती, रीटा सुराणा, बृजभूषण पुरोहित, ब्रह्मकुमारी ज्योति बेन, ममता बेन सहित बड़ी संख्या में गणमान्य उपस्थित थे। कार्यक्रम में डैनी कुमार आजाद, अमन शांतिलाल सेठिया, राघव रेड्डी, सुमन अजय सौंथलिया, सुनीता प्रकाश डुग्गर एवं अन्य ने योगदान प्रदान किया। समन्वय योगी

तुषार संचेती, योगिनी नताशा, सुजोक थेरेपिस्ट अशोक संचेती, आयंगर योग थेरेपिस्ट बबिता संचेती, राजगोपाल, मनीषा एवं अन्य द्वारा किया गया।






अग्रवाल समाज रामनगर शाखा की दीपावली मिलन एवं अन्नकुट कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर शाखा अध्ययक्ष -पवन टिबरेवाल, उपाधयक्ष -नंदकिशोर भगेरिया, मंत्री -प्रशान्त धन्नावत, सहमंत्री -विजय अग्रवाल, कोषाअध्यक्ष -सतीश अग्रवाल, केंद्रय समिति सदस्य- दीपक गुप्ता आदि उपास्थित थे।

# भक्तों ने लिया स्वामी नरेन्द्राचार्यजी की पादुका के दर्शन एवं प्रवचन का लाभ



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अनंत श्री विभूषित जगद्गुरु रामानंदाचार्य श्री स्वामी नरेन्द्राचार्यजी महाराज की पादुका के आगमन पर बड़ी संख्या में भक्तों ने दर्शन व प्रवचन का लाभ लिया।

स्व स्वरूप संप्रदाय जिला सेवा समिति, रंगारेड्डी द्वारा स्वामीजी की पादुका के आगमन पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो विभिन्न मार्गों से होती हुई काटेदान स्थित टी.एल.एम. गार्डन फंक्शन हॉल में संपन्न हुई। जगद्गुरु रामानंदाचार्य दक्षिण पीठ, नाणीजधाम के उत्तराधिकारी पू. कानिफनाथ महाराज के सान्निध्य में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न स्थानों से पधारे समिति के पदाधिकारियों और भक्तों ने भाग लिया। अवसर पर गुरु पूजन के पश्चात सामाजिक उपक्रम के अंतर्गत गणमान्य लोगों द्वारा जरूरतमंद बच्चों को स्कूल के बैग वितरित किये गये। प्रवचन के पश्चात उपासक दीक्षा का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिसमें भारी संख्या में भक्तों ने भाग लिया। इस अवसर पर समिति के निरीक्षक दिलीप पांचाल, अध्यक्ष मधुकर, कर्नल संगमेश, युवा-दिगंबर बिरादर, संजीवनी प्रमुख आनंद नलगिरे, सचिव गणेश पंवार, धर्मक्षेत्र प्रमुख भीमराव जाधव व सदस्यगण उपस्थित थे।

# रेणुका गौशाला उद्घाटन समारोह भव्यता से सम्पन्न

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

चिंचोली जिल्ली कलाभावी तांडा रोड पर रेणुका गौशाला का रविवार दि.17 नवम्बर 2024 को आयोजित उद्घाटन कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न हुआ।



रेणुका गौशाला द्वारा जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में अध्यक्ष डी. नरसिंग राव ने बताया कि डॉ. चन्नविरा शिवाचार्य की पावन निश्रा में उक्त उद्घाटन समारोह आयोजित किया गया। उद्घाटन कार्यक्रम के अंतर्गत रविवार दि. 17 नवम्बर प्रातः 10 बजे से श्री सत्यनारायण कथा तथा सायं 4 बजे चिंचोली जिला कलाभावी तांडा रोड पर नवनिर्मित रेणुका गौशाला का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। उद्घाटन डॉ. चन्नविरा शिवाचार्य द्वारा किया गया।

अवसर पर सम्माननीय अतिथि के रूप में तिरूमला तिरूपति देवस्थानम धर्म प्रचार समिति बोर्ड सदस्य स्वामी कमलेश महाराज, लव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, आल इंडिया ओल्ड टेम्पल रिनोवेशन ट्रस्ट के चेरमेन आर.के. जैन, श्री राम सेवा सदन गौशाला नंदिगांव के मंत्री कमल मर्दा एवं प्रचार प्रसार संयोजक राजेश तापडिया, गौभक्त दिलीप कुलकर्णी, राजशेखर, महेन्द्र कुमार धनुका (पटनचेरू), प्रताप रेड्डी, एल. श्रीनिवास तथा बडी संख्या में गौभक्तो ने भाग लिया।

अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कमलेश स्वामी ने कहा कि मनुष्य योनी कई पुण्य से प्राप्त होती है और हमें इसे सार्थक करने के लिए गोसेवा करनी चाहिए, चाहे वो अपने घर में, मंदिर मे हो या गौशाला में।

जसमत पटेल ने कहा कि गोवंश के गोबर एवं गोमुत्र का सदुपयोग करने से हम गोवंश को कटने से बचाया जा सकता है एवं आत्मनिर्भर बन सकते है । अगर हम भारत को समृद्ध देश के रूप मे आगे बढते देखना है तो हमे घर घर गाय और गांव गांव में गौशाला की स्थापना करनी होगी।

इसके लिए हमें प्रत्येक घार्मिक स्थल में गौशाला की स्थापना की जानी चाहिए और गोमय आदि से बनने वाले उत्पादों का प्रयोग करना चाहिए।

इस अवसर पर डी. नरसिंग राव ने तथा रेणुका गौशाला के पदाधिकारीयों ने कहा कि वह राज्य की विभिन्न गौप्रेमी संस्थाओं, गौशाला प्रबंधकों, गौभक्तों को समयानुसार पधारने का निवेदन किया।

# एसआर नगर शाखा का दीपावली स्नेह मिलन सम्पन्न



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज एस आर नगर शाखा का दीपावली स्नेह मिलन एवं अन्नकूट प्रसादी उदय भारती कलर भवन बीकेगुड़ा मेंसंपन्न हुआ।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति के अनुसार सर्वप्रथम महाराजा अग्रसेन की पूजा अर्चना की गई। तत्पश्चात अन्नकूट प्रसादी का भोग लगाया गया। बच्चों के मनोरंजन के लिए विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इस अवसर पर शाखा अध्यक्ष हेमचंद गुप्ता ने सभी को शुभकामनाएं देते हुए धन्यवाद दिया।

कार्यक्रम में हेमचंद गुप्ता, रविंद्र खेतान, राकेश अग्रवाल, वेद प्रकाश अग्रवाल, सोनू अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, ईश्वर बंसल, सुशील अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, हरीश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, पवन मित्तल, योगेश अग्रवाल, कपिल अग्रवाल, मदन लाल जी अग्रवाल, दुर्गा प्रसाद जी बंसल आदि ने भाग लिया।

हिन्दुत्व के 3G
गीता
हिन्दुत्व धर्म नही अपितु हमारी संस्कृति है, सभ्यता है, हमारी राष्ट्रीय पहचान है।
गंगा
भारत के हर नागरिक का यह कर्त्तव्य है इन तीनो का सम्मान करे, आदर करे, रक्षा करे।
गौ माता
आओ गौसेवा करे..
ALWAYS USE COW MILK & COW GHEE
Love for Cow Foundation
Jasmat Nanjibhai Patel Ph : 98488 65900
Ridesh Ramesh Jagirdar Ph : 98499 88999



अत्तापुर स्थित श्री राम मंदिर में आगामी 24 नवंबर को सायं 6:31बजे से श्री राजस्थानी नवजागृत मंच (राजी) संस्थान के तत्वावधान में दीवाली स्नेह मिलन का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध समाजसेवी अमृत कुमार जैन को आमंत्रित करते हुए अध्यक्ष सुरेश कुमार मोदी, मंत्री अभिषेक अग्रवाल, संयोजक गणेश बियानी, सहसंयोजक श्रीकांत, विजय कुमार जैन, विशाल जैन एवं अन्य।

# सर्वश्रेष्ठ दान है अन्नदान : रामप्रकाश गोयल

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अन्नदान का बहुत महत्व है। अन्न से ही शरीर चलता है। अन्न ही जीवन का आधार है। अन्न प्राण है, इसलिए इसका दान प्राणदान के समान है। यह सभी दानों में श्रेष्ठ और ज्यादा फल देने वाला माना गया है। यह सनातन धर्म का समसे महत्वपूर्ण अंग है।उक्त उद्‌गार समाज सेवी एवं राधे राधे ग्रुप के सदस्य रामप्रकाश अग्रवाल ने नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर-ए1265 पर आयोजित अन्नदान कार्यक्रम से पहले प्रार्थना के बाद कही। मार्गशीर्ष मास, कृष्ण पक्ष, चतुर्थ तिथि को स्व. श्रीमती सावित्री अग्रवाल की जयंती के अवसर पर श्री गुलजारीलाल रामचंद्र अग्रवाल सिमलावाले परिवार, श्री रामस्वरूप जी रामअवतार अग्रवाल परिवार की ओर से आज की सेवा की गई। अवसर पर राधे राधे ग्रुप के संयोजक जगतनारायण-श्रीमती राजकुमारी जी को उनके 40वें वैवाहिक वर्षगांठ पर शुभकामनाएं प्रेषित की गई।कार्यक्रम में राजेश अग्रवाल, श्वेता अग्रवाल, दिव्या अग्रवाल, रामप्रकाश अग्रवाल, सुनीता अग्रवाल, महेश अग्रवाल, सुशील गुप्ता, रोहित अग्रवाल, नंदकिशोर अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, भगतराम गोयल, मनीष फिटकारीवाला, सुरेश सिंघल, मायारामजी अग्रवाल एवं अन्य राधे राधे ग्रुप सदस्य उपस्थित थे।



# रेड्डी ने इंदिरा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने मंगलवार को यहां देश की पहली महिला प्रधानमंत्री भारत रत्न इंदिरा गांधी को उनकी जयंती के अवसर पर श्रद्धांजलि अर्पित की।मुख्यमंत्री ने मंगलवार को श्रीमती गांधी की जयंती के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे राष्ट्रीय एकीकरण दिवस के अवसर पर सभी लोगों को शुभकामनाएं दीं।

उन्होंने नेहरू की मजबूत नेतृत्व वाली विरासत को जारी रखने और देश के लोगों को लाभान्वित करने वाले क्रांतिकारी सुधारों की शुरुआत करने के लिए लौह महिला इंदिरा गांधी की प्रशंसा की।श्री रेड्डी ने कहा कि श्रीमती गांधी ने गरीबों और महिलाओं के उत्थान के लिए विशेष प्रयास किए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री के शब्दों- महिलाएं भारतीय शक्ति का प्रतीक हैं से प्रेरित होकर तेलंगाना सरकार भी महिला सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में एक करोड़ महिलाओं को करोड़पति बनाना इंदिराम्मा राज्यम के मुख्य लक्ष्यों में से एक है। श्रीमती गांधी की जयंती पर 22 जिलों में नवनिर्मित इंदिरा महिला शक्ति भवनों का भूमिपूजन समारोह आयोजित करना गौरव की बात है।

श्री रेड्डी ने कहा कि देश के इतिहास में शायद पहली बार 4,000 महिला समूहों के साथ सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करना भी जन सरकार की एक और बड़ी उपलब्धि है।

## अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा की अन्नकूट प्रसादी 29 दिसंबर को



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज घांसी बाजार झुला शाखा की बैठक शाखाध्यक्ष गोविन्द राम अग्रवाल (पचेरिया) की अध्यक्षता में श्री राणी सती दादीजी मंदिर में सम्पन्न हुई। बैठक में सर्वप्रथम शाखाध्यक्ष ने आगंतुक कार्यकारिणी सदस्यों का अभिवादन कर स्वागत किया।

प्रेस को जारी विज्ञप्ति में शाखा उपाध्यक्ष व प्रचार प्रसार प्रभारी योगेन्द्र अग्रवाल (कटारुका) ने बताया कि शाखा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी अन्नकूट प्रसादी के आयोजन के प्रस्ताव को सभी शाखा सदस्यों ने हर्ष ध्वनि से पारित किया। बैठक में निर्णय लिया गया कि अन्नकूट प्रसाद रविवार दि. 29 दिसम्बर को श्री राणी सती दादीजी मन्दिर में मध्यान्ह 1.00 बजे से 3.00 बजे किया जाएगा कार्यक्रम को सुचारू रूप से चलाने के लिए संयोजक मंडल का गठन किया गया। जिसमें प्रधान संयोजक दीपक अग्रवाल (पचेरिया), सहसंयोजक मनोज अग्रवाल (मीत्तल), अशोक अग्रवाल (सौलानावाला), हरिनारायण अग्रवाल व बबीता अग्रवाल (मीत्तल) को बनाया गया है। कार्यक्रम में शाखा के सभी सदस्यों को सपरिवार व शाखा की महिला समिति की सभी सदस्याओं को सम्मिलित किया जाएगा।

बैठक में शाखा के मानद मंत्री सज्जन अग्रवाल (बायॅवाला) केन्द्रीय समिति सदस्य राकेश अग्रवाल (पचेरिया), कौषाध्यक्ष दिनेश अग्रवाल (सर्राफ), अनिल अग्रवाल (धरसुवाला), भी उपस्थित थे। शीवकुमार अग्रवाल (जाखणीवाला) के धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक सम्पन्न हुई।

## तेलंगाना डीसीए ने गठिया के इलाज के भ्रामक दावों के आरोप में आयुर्वेदिक दवा जब्त की



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन (डीसीए) ने रंगा रेड्डी जिले के वनस्थलीपुरम, हयातनगर मंडल में एक आयुर्वेदिक दवा रुमैरिच कैप्सूल को गठिया के इलाज का भ्रामक दावा करने के आरोप में जब्त कर लिया।सोमवार को मारे गये छापों में अधिकारियों ने पाया कि दवा के लेबल में आमवाती और गठिया के इलाज के बारे में निर-ाधार दावे किए हैं, जो ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज़ (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 का उल्लंघन है।

अधिनियम गठिया सहित विशिष्ट बीमारियों और विकारों के लिए कुछ दवाओं के विज्ञापनों पर प्रतिबंध लगाता है। मोदगल आयुर्वेद फार्मेसी, कोहेड़ा गांव, अब्दुल्लापुरमेट मंडल, रंगा रेड्डी जिला, तेलंगाना द्वारा निर्मित जब्त की गई दवा वनस्थलीपुरम में एक मेडिकल स्टोर में पाई गई। कार्रवाई के दौरान उत्पाद के स्टॉक को जब्त कर लिया गया।

हयातनगर के ड्रग्स इंस्पेक्टर एस एल राजू ने छापेमारी का नेतृत्व किया। अधिकारियों ने पुष्टि की कि आगे की जांच चल रही है, और सभी अपराधियों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।ड्रग्स एंड मैजिक रेमेडीज (आपत्तिजनक विज्ञापन) अधिनियम, 1954 के तहत, कुछ बीमारियों के उपचार के लिए दवाओं के बारे में भ्रामक विज्ञापन करना एक दंडनीय अपराध है। डीसीए ने मंगलवार को एक बयान में कहा कि उल्लंघन करने वालों को छह महीने तक की कैद, जुर्माना या दोनों का सामना करना पड़ सकता है।

# लागाचेरला आदिवासी दिल्ली में डटे, राष्ट्रपति मुर्मू से मिलने का समय मांगा



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

लागाचेरला घटना के पीड़ित परिवारों ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की मांग की है, ताकि वे अपने परिवारों को होने वाली पीड़ा और तकलीफ के बारे में बता सकें।

उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा मुलाकात का समय दिए जाने तक दिल्ली में ही रहने का फैसला किया है। उनकी ओर से, बीआरएस ने इस संबंध में मुलाकात के लिए राष्ट्रपति कार्यालय से संपर्क किया।

जवाब में, राष्ट्रपति कार्यालय ने लागाचेरला में आदिवासियों के खिलाफ अत्याचारों से संबंधित जानकारी मांगी।

एक ज्ञापन में, बीआरएस ने भूमि अधिग्रहण के जबरन प्रयासों, पुलिस द्वारा आधी रात को छापेमारी और आदिवासी महिलाओं की गरिमा को ठेस पहुंचाने के अलावा जिला कलेक्टर और अन्य अधिकारियों पर हमला करने के आरोप में आदिवासी पुरुषों की अवैध गिरफ्तारी के बारे में बताया।

लागाचेरला की आदिवासी महिलाएं रविवार को दिल्ली गई थीं और सोमवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग के साथ-साथ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और महिला आयोगों से मिलीं।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा जबरन उनकी ज़मीनें हथियाने के प्रयासों और उसके बाद मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के भाई ए. तिरुपति रेड्डी और पुलिस की मनमानी के बारे में बताया।

उन्होंने बताया कि उनके परिवार के कई लोग पुलिस की हिरासत में हैं, जबकि कई अन्य अपनी जान के डर से छिप गए हैं।

## पुलिस ने सांसद इटेला और अरुणा को एहतियातन गिरफ्तार किया

मलकाजीगिरी के सांसद इटेला राजेंद्र ने कहा कि वे पुलिस के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाएंगे, क्योंकि पुलिस ने उन्हें लागाचेरला जाने से रोका और गिरफ्तार किया। उन्होंने सांसद डीके अरुणा के साथ सोमवार को नरसिंगी पुलिस स्टेशन में मीडिया को संबोधित किया, जहां उन्हें लागाचेरला जाते समय एहतियातन गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने कहा कि जब आदिवासी किसानों और दलित बच्चों को सैकड़ों पुलिस ने बुरी तरह पीटा और कठोर परिस्थितियों में जेल में बंद किया, तो विपक्ष के जिम्मेदार प्रतिनिधियों



के रूप में डीके अरुणा और बीजेएलपी नेता महेश्वर रेड्डी ने उन परिवारों को सांत्वना देने और उनका समर्थन करने के लिए लगचर्ला जाने की योजना बनाई।

## पुलिस ने महिला संगठन जेएसी सदस्यों को लागाचेरला जाने से रोका

लागाचेरला में अप्रिय घटनाओं के एक सप्ताह बाद भी गांव और आस-पास के गांवों में प्रतिबंध जारी हैं। मंगलवार को महिला संगठनों की संयुक्त कार्रवाई समिति (जेएसी) के सदस्यों को लागाचेरला और रोटीबांडा तांडा जाने और पीड़ित परिवारों से बात करने की अनुमति नहीं दी गई।हाथापाई में, पुलिस ने कथित तौर पर महिला सदस्यों के कपड़े फाड़ दिए। सरकार और पुलिस की ज्यादतियों की निंदा करते हुए, जेएसी सदस्यों ने सवाल उठाया कि उन्हें गांव में जाने और वहां की महिलाओं से बातचीत करने से क्यों रोका जा रहा है।संध्या, पद्मजा शॉ, सिस्टर लिजी, झांसी, अनसूया, गीता और अन्य सहित जेएसी सदस्य आदिवासी किसानों, विशेष रूप से महिलाओं के साथ पुलिस और सरकार द्वारा उनके खिलाफ किए जा रहे अत्याचारों पर बातचीत करना चाहते थे।सदस्यों ने कहा कि यह लागाचेरला और रोटीबांडा तांडा में जेएसी द्वारा किया जा रहा एक तथ्य खोज अध्ययन है, उन्होंने कहा कि गांवों की महिलाओं द्वारा पुलिस द्वारा उनके साथ किए गए हमलों और दुर्व्यवहार के बारे में कई शिकायतें दर्ज की जा रही हैं।गांव का दौरा करने से पहले, जेएसी सदस्यों ने कहा कि



उन्होंने जिला पुलिस अधीक्षक और एमएलसी कोडंडारम से भी बात की थी। लेकिन फिर भी, उन्हें बोमरसपेट मंडल के अंतर्गत टुनकीमेटला गांव में पुलिस ने रोक दिया।जेएसी सदस्यों द्वारा यह समझाने के बाद भी कि वे किसी मीडिया को शामिल किए बिना निजी तौर पर परिवारों से बात करेंगे, पुलिस ने उन्हें अनुमति नहीं दी।पुलिस के इनकार से नाराज जेएसी सदस्य संध्या ने अधिकारियों से गांव का दौरा करने और पीड़ित परिवारों से बात करने के लिए उनके साथ शामिल होने को कहा। फिर भी, उन्होंने उन्हें लागाचेरला की ओर जाने की अनुमति नहीं दी।अगर पुलिस ने महिलाओं पर कोई हमला नहीं किया था, तो वे क्यों चिंतित थे और पीड़ित परिवारों से बात करने की अनुमति क्यों नहीं दे रहे थे।



कार्तिम मास के उपलक्ष्य में श्याम बाबा मंदिर काचीगुड़ा में विशेष पूजा-अर्चना में भाग लेते हुए बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एन.आर श्याम।

## खम्मम में चार वर्षीय बच्ची का दिल का दौरा पड़ने से मौत

**खम्मम, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

खम्मम जिले के खम्मम ग्रामीण मंडल के एमवी पालम गांव में एक दुखद घटना में चार वर्षीय बच्ची की कथित तौर पर हृदयाघात से मौत हो गई। सूत्रों के अनुसार गांव के कुर्रा विनोद और लावण्या खम्मम में रहते थे और उनकी एक बेटी प्रहरशिका थी। बच्ची की मां लावण्या ने सोमवार को ग्रुप-3 की परीक्षा दी थी और वह बच्ची को गांव में उसकी दादी और दादा के पास छोड़कर चली गई थी। परीक्षा समाप्त होने के बाद लावण्या दोपहर में बच्ची को घर ले जाने के लिए गांव आई। मां को देखकर बच्ची खुशी से झूम उठी और दरवाजे की ओर दौड़ी।

# बीआरएस नेता ने रेवंत के दामाद के खिलाफ ईडी में शिकायत दर्ज कराई

**नई दिल्ली, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, बीआरएस नेता मन्ने कृष्णक ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के दामाद गोलुगुरी सत्यनारायण के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) में औपचारिक शिकायत दर्ज कराई है, जिसमें मैक्सबियन फार्मा से जुड़ी वित्तीय अनियमितताओं का आरोप लगाया गया है। ईडी ने शिकायत मिलने की पुष्टि की है। दिल्ली में ईडी मुख्यालय में प्रस्तुत की गई शिकायत में कोडंगल में मैक्सबियन फार्मा के लिए भूमि अधिग्रहण पर गंभीर चिंता जताई गई है, जहां किसान अपनी जमीन छोड़ने का विरोध कर रहे





हैं।बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष केटी रामा राव द्वारा हाल ही में गोलुगुरी सत्यनारायण रेड्डी की मैक्सबियन फार्मा में निदेशक के रूप में भूमिका के बारे में किए गए खुलासे के बाद विवाद ने गति पकड़ ली, जहां उनके पास कथित तौर पर 16 लाख शेयर हैं। इसके अतिरिक्त, अन्नम शरत और उनकी फर्म एसवीएस फैसिलिटी के पास सामूहिक रूप से कंपनी के 21 लाख शेयर हैं। कृष्णक ने वारंगल में एक निजी अस्पताल से जुड़े संभावित हितों के टकराव को भी उजागर किया, जहां अन्नम शरत एक शेयरधारक हैं। इस अस्पताल की शाखा का उद्घाटन हाल ही में मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी ने वारंगल में किया, जिससे अनुचित पक्षपात का संदेह और गहरा गया।उन्होंने गोलुगुरी परिवार के सदस्यों के खिलाफ ईडी की पिछली जांच का भी हवाला दिया, जहां जांच एजेंसी ने गोलुगुरी रामकृष्ण रेड्डी से जुड़े बैंक धोखाधड़ी का पता लगाया, जिन्होंने कथित तौर पर परिवार के सदस्यों और व्यवसायों को करोड़ों रुपये हस्तांतरित किए।

सत्यनारायण रेड्डी के पिता गोलुगुरी वेंकट रेड्डी, रामकृष्ण रेड्डी के भाई हैं और दोनों संयुक्त रूप से कई व्यवसाय संचालित करते हैं। दोनों पर बैंक डिफॉल्ट के कई मामले चल रहे हैं और इन ऋणों से जुड़ी उनकी संपत्तियों को बैंक ऑफ बड़ौदा और सिंडिकेट बैंक जैसी संस्थाओं द्वारा नीलाम किया गया है।

कृष्णक ने ईडी से जांच करने का आग्रह किया कि क्या पिछले धोखाधड़ी से जुड़े फंड को मैक्सबियन फार्मा में भेजा गया था। अपने दावों का समर्थन करते हुए, उन्होंने शेयरहोल्डिंग दस्तावेज और वित्तीय रिकॉर्ड प्रस्तुत किए, साथ ही पहले की जांच का विवरण देने वाला एक आधिकारिक ईडी बयान भी प्रस्तुत किया।

# आंध्र और तेलंगाना में शीतलहर का प्रकोप, तापमान एकल अंक तक गिरा



**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलुगु राज्यों में तापमान में गिरावट जारी है। सुबह-सुबह उठना कई लोगों के लिए कंपकंपी पैदा करने वाला अनुभव बन गया है, खासकर अल्लूरी सीताराम राजू जिले में, जहां तापमान खतरनाक रूप से कम हो गया है।मौसम के एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में, एजेंसी ने आज 9 डिग्री सेल्सियस का सर्द तापमान दर्ज किया, जो इस सर्दी में एकल अंकों के तापमान का पहला उदाहरण है। मुंचिंगिपुट्टु जैसे आस-पास के इलाकों में भी इसी तरह का न्यूनतम तापमान दर्ज किया गया, अधिकारियों ने बताया कि मिनुमुलुरु में भी इसी तरह का सर्द तापमान रहा।

इस बीच, पडेरू में अपेक्षाकृत हल्का 12 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया।ठंड की लहर इतनी भयंकर है कि स्थानीय लोगों को गर्मी के लिए ठंडी आग जलानी पड़ रही है, क्योंकि तापमान में लगातार गिरावट जारी है।

इस बात की चिंता बढ़ गई है कि हालात और खराब हो सकते हैं, खासकर आंध्र प्रदेश और ओडिशा की सीमा से लगे इलाकों में।कड़ाके की ठंड के बावजूद, ठंडे मौसम ने पर्यटकों को सुंदर पहाड़ियों की ओर आकर्षित किया है, जिनमें से कई लोग बादलों के बीच से लुभावने सूर्योदय को देखने के लिए पडेरू और वंजांगी की ओर उमड़ पड़े हैं।

अराकू समेत इन एजेंसी क्षेत्रों में ठंड के मौसम में पर्यटकों की अच्छी खासी आमद होती है, जो अन्वेषण के लिए बेहतरीन शानदार परिदृश्य पेश करते हैं। एजेंसी क्षेत्रों के अलावा, तेलंगाना में भी ठंड की तीव्रता में वृद्धि देखी जा रही है। हैदराबाद में, कल की तुलना में तापमान में और गिरावट आई है, जिसके परिणामस्वरूप निवासियों द्वारा अनुभव की जाने वाली ठंड की गंभीरता में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। जैसे-जैसे सर्दी का मौसम आगे बढ़ता है, स्थानीय लोगों और पर्यटकों को तापमान में लगातार गिरावट के लिए तैयार रहने की याद दिलाई जाती है।

## आदिलाबाद के कुछ हिस्सों में न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गई

कुमरम भीम आसिफाबाद और आदिलाबाद दोनों जिलों के कुछ हिस्सों में मंगलवार को न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी गई। कुमराम भीम आसिफाबाद जिले के सिरपुर (यू) मंडल मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 10.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, इसके बाद तिरयानी मंडल में गिन्नीध-ारी में न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। तिरयानी मंडल केंद्र में न्यूनतम तापमान 11.7 डिग्री सेल्सियस रहा, जबकि केरमेरी में न्यूनतम तापमान 11.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। मंडल मुख्यालय में न्यूनतम तापमान 13.3 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। अन्य मंडलों में न्यूनतम तापमान 15 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। इस बीच, आदिलाबाद जिले के बेला मंडल में न्यूनतम तापमान 11.6 डिग्री सेल्सियस रहा। बोथ मंडल के पोचेरा गांव में 11.8 डिग्री सेल्सियस तापमान दर्ज किया गया। गुड़ीहाथनूर, मावला, भीमपुर, नेराडिगोंडा, तामसी मंडलों में न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस से 13 डिग्री सेल्सियस के बीच रहा। ठंड के कारण लोगों को सुबह 10 बजे तक घरों में ही रहना पड़ा। बुजुर्ग और बच्चों को ठंड से जूझना पड़ा। लोगों ने ऊनी स्वेटर पहनकर और लकड़ियों की मदद से अलाव जलाकर अपने शरीर को गर्म किया। दोनों जिलों में राष्ट्रीय राजमार्गों और सड़कों पर कोहरा छाया रहा, जिससे वाहन चालकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार, सोमवार और मंगलवार की मध्य रात्रि में तेलंगाना के मेडक में सबसे कम न्यूनतम तापमान 12 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। यहाँ अपनी दैनिक मौसम रिपोर्ट में, इसने कहा कि अगले सात दिनों के दौरान पूरे तेलंगाना में शुष्क मौसम रहने की उम्मीद है।रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में शुष्क स्थिति देखी गई।



# सिकंदराबाद छावनी विधायक ने इंदिरा गांधी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि दी

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

पूर्व प्रधानमंत्री और भारत रत्न श्रीमती इंदिरा गांधी की जयंती के अवसर पर सिकंदराबाद छावनी विधायक श्री गणेश ने छावनी रसूलपुर में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उनकी विरासत को नमन किया।

अपनी श्रद्धांजलि में, श्री गणेश ने स्वतंत्र भारत के विकास में श्रीमती गांधी के महत्वपूर्ण योगदान पर प्रकाश डाला, प्रधानमंत्री के रूप में उनके चार कार्यकालों का उल्लेख किया। उन्होंने बैंकों के राष्ट्रीयकरण में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया, जिसने बैंकिंग सेव-ाओं तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाया, जो पहले केवल अमीरों के लिए उपलब्ध थी,




जिससे गरीबों को लाभ हुआ।श्रीमती गांधी के प्रभावशाली नारे, गरीबी हटाओ को याद करते हुए, उन्होंने टिप्पणी की कि उन्होंने गरीबी उन्मूलन के लिए अपने प्रयासों को समर्पित किया, यह सुनिश्चित करते हुए कि सभी नागरिक भोजन, कपड़े और आश्रय - या रोटी, कपड़ा और मकान की अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा कर सकें।विधायक ने कहा कि वर्तमान कांग्रेस सरकार श्रीमती गांधी की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने महिला सशक्तिकरण और आत्मनिर्भरता को बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न पहल शुरू करने के लिए रेवंत रेड्डी के नेतृत्व वाली सरकार की सराहना की।श्री गणेश ने तेलंगाना में गरीबी से निपटने और महिलाओं की आर्थिक और सामाजिक स्थिति को मजबूत करने के लिए बनाए गए कई कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की, जैसे महालक्ष्मी, इंदिरा महिला शक्ति, गृह ज्योति और इंदिराम्मा इंडला।इसके अतिरिक्त, विधायक ने स्थानीय जल की कमी को दूर करने के लिए मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के प्रति आभार व्यक्त किया, जिन्होंने छावनी क्षेत्र में पानी की आपूर्ति को 5.5 मिलियन गैलन प्रति दिन (एमजीडी) से बढ़ाकर 6.5 एमजीडी कर दिया, जिससे निवासियों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार हुआ।इस कार्यक्रम ने न केवल भारतीय इतिहास में एक महत्वपूर्ण व्यक्ति को याद किया, बल्कि समुदाय के भीतर विकास और सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर प्रयासों पर भी जोर दिया।

# तेलंगाना उच्च न्यायालय ने जीओ 16 खारिज किया

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

तेलंगाना उच्च न्यायालय ने सरकारी आदेश (जीओ) 16 को रद्द कर दिया है, जिसे पिछली बीआरएस सरकार ने हज़ारों अनुबंध कर्मचारियों, ख़ास तौर पर शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों में नियमित करने के लिए जारी किया था। न्यायालय ने घोषित किया कि जीओ 16 के तहत अनुबंध कर्मचारियों का नियमितीकरण असंवैधानिक था, जिससे हाल ही में नियमित किए गए कर्मचारियों के बीच अनिश्चितता की स्थिति पैदा हो गई।पिछली बीआरएस सरकार द्वारा लागू किए गए सरकारी आदेश का उद्देश्य मुख्य रूप से शिक्षा और स्वास्थ्य सेवा जैसे प्रमुख क्षेत्रों में बड़ी संख्या में अनुबंध कर्मचारियों को स्थायी पद प्रदान करना था। इस निर्णय को कई अस्थायी कर्मचारियों




के लिए नौकरी की सुरक्षा की दिशा में एक बड़ा कदम माना गया था। हालाँकि, उच्च न्यायालय के फ़ैसले ने अब इसे उलट दिया है, जिससे जीओ 16 के तहत नियमित दर्जा प्राप्त करने वाले कई कर्मचारी चिंता की स्थिति में हैं।अपने फ़ैसले में, न्यायालय ने कहा कि जीओ 16 के ज़रिए अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करना संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है।

इसने यह भी सुझाव दिया है कि नियमित किए गए कर्मचारियों को उनकी पिछली अनुबंध स्थिति में वापस लाया जा सकता है, जिससे प्रभावित लोगों में चिंता और विरोध पैदा हो गया है।

सरकारी आदेश को चुनौती देने वाले याचिकाकर्ताओं ने न्यायालय के निर्णय का स्वागत किया है, उन्होंने कहा कि इस निर्णय से मुद्दे पर स्पष्टता आई है। नियमित कर्मचारी, जो शुरू में अपनी नई स्थिति के बारे में आशावादी थे, अब अनिश्चित भविष्य को लेकर अपनी निराशा व्यक्त कर रहे हैं। कई लोगों को डर है कि वे अपने नियमित पदों को खो सकते हैं और अनुबंध भूमिकाओं में वापस आ सकते हैं, जिसका मतलब होगा लाभ और नौकरी की सुरक्षा का नुकसान। अधिकारियों ने कहा है कि एक बार आधिकारिक न्यायालय आदेश की प्रति प्राप्त होने के बाद, निर्णय के कार्यान्वयन के साथ आगे कैसे बढ़ना है, इस पर और स्पष्टता प्रदान की जाएगी।

# एमएलसी कोदंडराम का मंचेरियाल में हुआ स्वागत



**मंचेरियाल 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

कोदंडराम का एमएलसी चुने जाने के बाद पहली बार मंचेरियाल जिला पहुंचने पर वन विभाग के तेंदुपत्ते के ठेकेदार जिला अध्यक्ष पी.वरप्रसाद राव के नेतृत्व में मंचेरियाल तेंदु पत्ते के ठेकेदार एमएसएन रेड्डी, चैकुती सत्य नारायण रेड्डी, मो. सलीम, के. सत्यनारायण रेड्डी, एम.सत्य नारायण रेड्डी, एम रामू, जी. बापू रेड्डी, एम राजा रेड्डी, शायक अली (जुबैर) और बाकी कांग्रेस कार्यकर्ता , शिक्षकों, डॉक्टरों और अन्य ने पुष्पमालाओं एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया।

# जीएचएमसी ने बचाए 150 गोवंश

## ध्यान फाउंडेशन कर रहा पुनर्वास एवं देखभाल

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

गत जुलाई 2024 से अब तक तेलंगाना राज्य में ग्रेटर हैदराबाद नगरपालिका निगम (जीएचएमसी) द्वारा अवैध बूचड़खानों और पशु तस्करों से करीब 150 गौवंश को बचाया गया है। जीएचएमसी इन बचाए गए गौवंश को कैटल पौंड भेजता है जहां से उन्हें ध्यान फाउंडेशन तेलंगाना गौशाला में पुनर्वासित किया जाता है।

ध्यान फाउंडेशन अपनी 45 से अधिक गौशालाओं के माध्यम से देश भर में बचाए गए 70000 से अधिक गौवंश की देखभाल कर रहा है। तेलंगाना राज्य में वे क्रमशः शमशाबाद और _यादागिरिगुट्टा में दो गौशालाएँ चला रहे हैं, जो क्षेत्र में 3000 से अधिक गौवंश को एक सुरक्षित आश्रय प्रदान कर रहे हैं।गौवंश अत्यंत हृदय विदारक स्थितियों में हमारे पास आते हैं। सींग और अंग टूटे हुए, घायल, बीमार, कई दिनों और हफ्तों तक भोजन और पानी के बिना रखा जाता है। ये बिल्कुल नन्हें बछड़े तक होते हैं जिन्हें उनकी मां से छीना गया होता है। ... उनका पालन-पोषण करना और उन्हें चिकित्सीय रूप से ठीक कर पाना एक कठिन काम है। ताकि वह फिर से सामान्य और प्यार का एहसास कर सकें।,'' ध्यान फाउंडेशन के स्वयंसेवक व व्यवसाई हरीश बताते हैं। ध्यान फाउंडेशन के अन्य सभी स्वयंसेवकों की तरह हरीश ने भी गोवंश और राज्य की सेवा के लिए अपना समय और जीवन समर्पित कर दिया है। ध्यान फाउंडेशन संभवतः इस क्षेत्र में एकमात्र संगठन है जो अपने आश्रय स्थलों में बैल, नर बछड़ों और अनुत्पादक गायों का स्वागत करता है और जीवन भर उनकी देखभाल करता है। गौशालाओं में गौवंश को सूखा चारा, साग, चोकर, गुड़, सरसों का तेल और पूरक आहार युक्त स्वस्थ आहार दिया जाता है। पैरावेट्स बीमार और घायल गोवंश की देखभाल करते हैं। आकस्मिक उपचार के लिए कॉल पर एक पशु चिकित्सक भी उपलब्ध रहता है।

# तेलंगाना डिग्री सेमेस्टर परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार होंगी: टीजीसीएचई

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मंगलवार से निर्धारित डिग्री सेमेस्टर परीक्षाएं समय सारिणी के अनुसार आयोजित की जाएंगी।

इससे पहले, तेलंगाना निजी डिग्री और पीजी कॉलेज प्रबंधन संघ ने कांग्रेस सरकार द्वारा शुल्क प्रतिपूर्ति बकाया जारी करने में अत्यधिक देरी के खिलाफ अनिश्चितकालीन संस्थान बंद का आह्वान करने के अलावा सभी यूजी सेमेस्टर परीक्षाओं का बहिष्कार करने की घोषणा की।

तेलंगाना उच्च शिक्षा परिषद के अध्यक्ष प्रो. वी. बालकिशन रेड्डी ने इस मुद्दे पर संघ के पदाधिकारियों के साथ बातचीत की।

परिषद सचिव डॉ. श्रीराम वेंकटेश द्वारा जारी एक बयान के अनुसार, बातचीत फलदायी रही।

उन्होंने मंगलवार को कहा, आज से सभी यूजी परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार आयोजित की जाएंगी। टीजी-सीएचई के अध्यक्ष और प्रबंधन के बीच बातचीत फलदायी रही।

यह मुद्दा पिछले दो शैक्षणिक वर्षों से शुल्क बकाया जारी न किए जाने से उपजा है, जिससे प्रबंधन गंभीर वित्तीय तनाव में है। प्रबंधन ने कहा कि फीस बकाया होने के कारण 90 प्रतिशत कॉलेज पिछले चार से पांच महीनों से शिक्षकों के वेतन या अपने परिसर का किराया नहीं दे पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि ऋण पर बढ़ते ब्याज और नया ऋण हासिल करने में असमर्थता के कारण प्रबंधन के लिए कॉलेज चलाना एक कठिन कार्य बन गया है। एसोसिएशन ने कहा कि इन मुद्दों के बावजूद, लगभग सात लाख डिग्री और पीजी छात्र बिना किसी चुनौती का सामना किए अपनी पढ़ाई जारी रखने में कामयाब रहे। इससे पहले, प्रबंधन ने 14 अक्टूबर से संस्थानों को बंद कर दिया था क्योंकि वे परिचालन लागत को पूरा करने में असमर्थ थे क्योंकि लंबित शुल्क बकाया जारी नहीं किया गया था। हालांकि, कॉलेज बंद होने के चौथे दिन, सरकार के प्रमुख सचिव (शिक्षा) बुर्रा वेंकटेशम ने मुख्यमंत्री की ओर से एक सप्ताह के भीतर शुल्क बकाया चुकाने का आश्वासन दिया था। हालांकि, आश्वासन के एक महीने बाद भी बकाया जारी नहीं किया गया, एसोसिएशन ने कहा।

## सर्राफ़ा बाज़ार




(24 कैरेट गोल्ड)

सोना : 77,930 /- (प्रति 10 ग्राम)

चाँदी : 92,890/- (प्रति किलोग्राम)

## शेयर मार्केट



बीएसई : 77,578.38 +239.37 +0.31% ↑

एनएसई :23,518.50 64.70 (0.28%) ↑


शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**

I, LAKSHMI PRASANNA Spouse of Service No. 10329726F Hav, Dasari Lakshmana Rao, R/o.2-105, M Kothavalasa, Bondapalli, Vizianagaram, Maruvada, Andhra Pradesh-535221 have changed my name from **LAKSHMI PRASANNA** to **DASARI LAKSHMI PRASANNA** vide affidavit dt:18-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, Service No. 10329913A Nk Sabavath Ramesh of 125 InfBn (TA) The Guards, C/o.56 APO hereby declare that my mother name is changed from **DEVLI** to **SABAVATH DEVLI** and father name is changed from **KISHAN** to **SABAVATH KISHAN** vide affidavit dt:18-11-2024 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

**CHANGE OF NAME**

I, SALEH BIN AHMED, S/o. AHMED BIN SALEH, R/o.H.No.9-3-55/1, 1st Floor, Company Bagh, Near F Mart, Langar House, Golconda, Hyderabad, T S, holding Passport No. G9365367 have changed my name from **SALEH BIN AHMED**, S/o. **AHMED BIN SALEH** to **SALEH AHMED BAKULKA**, S/o. **AHMED SALEH BAKULKA**.

**CHANGE OF NAME**

I, PRIYANKA DEVI, is legally Wedded Wife of Service No. 15235261H, Rank: NK, Name: RAHUL KUMAR, Unit:STRATEGIC, FORCE, Trg School, Secunderabad, Residing at Vill: FATEHGANJ, PO: KOATH, Teh: BIKRAMGANJ, Dist: ROTHAS, State: BIHAR, Pin:802216,I have Changed my name from **PRIYANKA DEVI** to **PRIYANKA KUMARI** my date of birth 01-06-1993, Affidavit Singed By advocate and Notary B yadagiri, MMCP, BA, LLB

**CHANGE OF NAME**

I, AMENA BEGUM, W/o. SALEH BIN AHMED, R/o.H.No.9-3-55/1, 1st Floor, Company Bagh, Near F Mart, Langar House, Golconda, Hyderabad, T S, holding Passport No. G9058449 have changed my name from **AMENA BEGUM**, W/o. **SALEH BIN AHMED** to **AMEENA ABDULLAH**, W/o. **SALEH AHMED BAKULKA**

**CHANGE OF NAME**

I, K LAKSHMI spouse of Service No. 285638L Ex.Sgt KANCHARLA NAGESWARA RAO, R/o. HNo. 12-1-284, Anand Nagar Road No.2, Bandlaguda, Hayathnagar, K V Rangareddy, Telangana -500068 have changed my name from **K LAKSHMI** to **KANCHARLA LAKSHMI** vide affidavit dt:19-11-2024 before C.Samuel, Advocate and Notary, Secunderabad.


# श्री शांतिनाथ जिनालय की प्रतिष्ठा महोत्सव आयोजित

**हैदराबाद, 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

परमपुज्य गच्छाधिपति नित्यानंद सूरीश्वरजी म.सा, पूज्य आचार्य श्री अभयचन्द्र सूरीश्वरजी की निश्रा में आरिसा भवन पालीताना के जीर्णोद्धारीत श्री शांतिनाथ जिनालय की प्रतिष्ठा महोत्सव में पूज्य आचार्य राजचंद्रसूरीश्वर म,सा. पूज्य आचार्य जयानंद सूरीश्वरजी म.सा. (भोले बाबा),पुज्य आचार्य मृदुरत्नसागरजी म.सा., पूज्य



पंन्यास रिद्धिसिद्धि विजय म.सा, मुनिराज मोक्षानंदविजयजी म.सा. आदि विशाल संख्या में साधु साध्वी एवं श्रावक श्राविकाओं की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुई।

आरिसा भवन के जीर्णोद्धार प्रेरक सिरोही निवासी शा मनोजकुमार बाबुमल हरण के प्रयासों से लाभार्थी परिवारों ने उल्लास पूर्वक लाभ लिया। गुरु भगवंतों के आशीर्वाद से मनोज हरण की प्रेरणा से चातुर्मास आर-ाधना भवन एवं नाकोड़ा चातुर्मास भवन का लाभ लेने वालों ने अपने नाम लिखा कर लाभ लिया। इस अवसर पर हैदराबाद से मुकेश जैन चौहान, गौतमचन्द चोपड़ा, महेंद्रभाई चेन्नई, चम्पालाल विजयवाड़ा, अंतराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विधिकारक मनोज हरण, शा भुरमल रिखबदास परिवार गोहिली, ललित पोरवाल, अनिल पोरवाल पूना एवं अन्य उपस्थित रहे।

# मंचेरियाल में ऑटो रिक्शा चालक के साथ मारपीट

**मंचेरियाल 19 नवंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

मंचेरियल में ऑटो रिक्शा चालक संघ के एक नेता ने आरोप लगाया कि मंगलवार को कस्बे में वाहन चलाने पर चार चालकों और दो अज्ञात व्यक्तियों ने उन पर हमला किया। बेल्लमपल्ली निवासी एसोसिएशन के नेता मिट्टा श्रीनिवास ने बताया कि जिला मुख्यालय में वाहन चलाने पर कुमार, प्रवीण, तिरुपति, मल्लेश और दो अज्ञात लोगों ने उनकी पिटाई की।

उन्होंने कहा कि हमलावरों को यह बात बुरी लगी कि उन्होंने शहर के अन्य चालकों के लिए निर्धारित स्थान पर तिपहिया वाहन चलाया था। नेता ने आगे बताया कि उन्होंने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

उन्होंने बताया कि उनका जिला केंद्र के सरकारी सामान्य अस्पताल में इलाज चल रहा है। उन्होंने इस बात पर खेद व्यक्त किया कि बेल्लमपल्ली और जिले के अन्य हिस्सों के ऑटो-रिक्शा चालकों को स्थानीय चालकों द्वारा यात्रियों को वाहन किराए पर देने के कारण निशाना बनाया जा रहा है।


URGENT REQUIRED

शुभ लाभ




COMPANY SECRETARY (CS) (Full Time, 10 Years Experience)

ADVOCATE (Full Time, 10 Years Experience)

CHARTERED ACCOUNTANT (CA) (Full Time, 10 Years Experience Preferred)

REPORTERS (Knowledge of Hindi, English, Telugu Languages Preferred )

OFFICE BOYS (Full Time)

2 COLLECTION BOYS (Full Time)

Interview Timing : 06.00pm to 8.00 pm

T19 Towers, 4th Floor, Commercial Building, Ranigunj, Secunderabad.

Contact No.: 9959999012, 8688868345



द्वितीय पुण्यतिथि



(पूर्व अध्यक्ष श्री आईजी गौशाला)

स्व. श्री कानारामजी काग

सुपुत्र : स्व. श्री गोमारामजी काग

मरुधर में गाँव बिलाड़ा बेरा - बिल्दा स्वर्गवास 20 नवम्बर 2022

हर मुश्किल में आपकी जरूरत महसूस होती हैं, हर खुशी में आपकी कमी महसूस होती हैं,
बिछुड़कर इस कदर दिल में बसे हो आप की, हर पल आँखों में नमी महसूस होती है।

: श्रदांजलि अर्पितकर्ता : माड़ीबाई (धर्मपत्नी),
नेमाराम-लक्ष्मीदेवी, महेंद्र-इन्द्रादेवी, ओमप्रकाश नितुदेवी (पुत्र-पुत्रवधु),
फुलीदेवी-मंगलारामजी लेरचा (पुत्री-दामाद),
राहुल, रोहित, नितेश, कुनाल, यशवन्त (पौत्र), पुजा (पौत्री) एवं समस्त काग परिवार

फर्म : श्री बालाजी ज्वैलर्स धम्माईगुड़ा | अम्बिका ज्वैलर्स धम्माईगुड़ा | ओम ज्वैलर्स बंडलागुड़ा

9866472593, 9701517854,9948422095, 9948902189

AAIMAA ADS

